साहित्य परिषद्
राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला हि०प्र०
सत्र 2022–2023

छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवम् प्रतिभा को निखारने के लिए प्राचार्य महोदया डॉ० रूचि रमेश के संरक्षण में साहित्य परिषद् का गठन किया गया है। जिसमें निम्न कार्यकारी सदस्यों को मनोनित किया गया है –

1. अध्यक्ष – डॉ० निशा चौहान सहायक प्राध्यापिका (हिन्दी)
2. उपाध्यक्ष – गरिमा शर्मा (बी०ए० तृतीय वर्ष)
3. सचिव – अदिति शर्मा (बी०ए० तृतीय वर्ष)
4. सह–सचिव – मनीषा (बी०ए० तृतीय वर्ष)

साहित्य परिषद् का प्रमुख उदेश्य है छात्राओं की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतिभा को सही दिशा दिखाना तथा छात्राओं को संवाद का अवसर प्राप्त करवाना। जिस के लिए वर्ष 2022–23 में कम से कम महाविद्यालय में दो बृहद् कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साहित्य परिषद् के अन्तर्गत जिन विषयों पर चर्चा की जाएगी वह निम्न है –

1. हिन्दी भाषा की दशा एवम् दिशा
2. हिन्दी भाषा को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर गौरव प्रदान करवाना।
3. हिन्दी भाषा को विज्ञान कला तथा वाणिज्य विषयों का माध्यम कैसे बनाया जाए।
4. हिन्दी भाषा की उपयोगिता एवम् महत्व।

उपर्युक्त बिन्दुओं के क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय में हिन्दी भाषा से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों तथा संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिस में निबन्ध आलेख, भाषण, वाद–विवाद, प्रश्नोत्तरी, नारा लेखन तथा काव्य पाठ प्रतियोगिता प्रमुख है।